# पर्यटन पर जोर, दर्द दे रही उखड़ी सड़क पर नहीं ध्यान

## जर्जर सड़क, कई जगह गहरे गड्ढे, पीटीआर घूमने को महोफ गेट तक पहुंचने में पर्यटकों को परेशानी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** सड़कों का जाल बिछाने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए जाने वाले तमाम दावे पीलीभीत से बनकटी होते हुए महोफ जाने वाले मार्ग पर पहुंचते ही पस्त दिखते हैं। पीलीभीत टाइगर रिजर्व की सैर करने के लिए पहुंचने वाले पर्यटकों को इस जर्जर मार्ग पर दिक्कत उठानी पड़ रही है। सालों बाद भी इस सड़क की सूरत नहीं बदल सकी है। एक बड़ी आबादी इस मार्ग से आवागमन करती है। पर्यटकों के वाहन भी पहुंचते हैं, लेकिन दुर्दशा दूर करने की जहमत कोई नहीं उठा रहा है।

पीटीआर में देसी-विदेशी सैलानियों की आवक हर साल बढ़ रही है। पर्यटन सत्र के दौरान पीलीभीत टाइगर रिजर्व घूमने के लिए दो स्थानों पर प्रवेश दिया जाता है, जिसमें एक माधोटांडा क्षेत्र में मुस्तफाबाद गेट है। जबकि दूसरा महोफ रेंज का महोफ गेट है। पीलीभीत से महोफ गेट की दूरी करीब 15 किमी है। महोफ गेट पर पर्यटकों की संख्या काफी अधिक रहती है। बीते पर्यटन सत्र में इस गेट को संचालित किया गया है। वन विभाग की ओर से महोफ गेट को विकसित करने की कवायद शुरू कर दी गई है, मगर इस मार्ग की बदहाली उम्मीदों पर ग्रहण लगाती नजर आ रही है। गांव की आबादी से होकर गुजरा ये रास्ता कई जंगल क्षेत्र के नजदीक पहुंचते ही जर्जर है। इस पथरीले रास्ते पर कई जगह गड्ढे हो चुके हैं, जिसका कोई सुधार कराने वाला नहीं है।

पर्यटकों के अलावा ग्रामीण अंचल के लोग भी मुख्यालय आने के लिए इसी मार्ग का सहारा लेते हैं। उनको भी तमाम दिक्कतें होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जंगल में पर्यटकों की इंट्री कराने के लिए महोफ गेट पर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। ऐसे में उम्मीद जागी थी कि इसी बहाने सही सड़क की सूरत बदलेगी। मगर अभी तक ऐसा कुछ नहीं हो सका है। पांच किमी रास्ता को बेहद खराब है। इसका सुधार कराया जाना चाहिए।



पीलीभीत टाइगर रिजर्व के महोफ गेट को जाने वाली जर्जर सड़क।



महोफ रोड पर धूल के गुबार के बीच गुजरता बाइक सवार।



एक साइड से पूरी तरह से कट चुकी सड़क। ● अमृत विचार

### 12 गांवों की हजारों की आबादी भी परेशान

इस मार्ग पर पर्यटको के अलावा दर्जनभर से अधिक गांवों की 30 हजार से अधिक की आबादी भी आवागमन करती है। इस मार्ग पर रोशनी के भी पुख्ता इंतजाम नहीं है। ऐसे में सूर्यास्त के बाद जर्जर सड़क और मुसीबत का सबब बनती है। पीलीभीत से महोफ गेट तक पहुंचने के दौरान मुख्यत: टंडोला, हिम्मतनगर, कुकरा, टाह पौटा, मेवातपुर, बनकटी, मैंथी, भिठौराखुर्द, न्यूरिया खुर्द, खरगापुर कॉलोनी, पंडरी, महोफ आदि गांव शामिल है। इन्हीं के ग्रामीण भी जर्जर सड़क से परेशान हैं।

### अभी भी हो सकता है सुधार

पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र 15 जून को समाप्त हो चुका है। अब पीटीआर पर्यटकों के लिए 15 नवंबर को खुलना है। ऐसे में अगर अभी से इस मार्ग के सुधार के लिए कदम जिम्मेदार उठाना चाहें तो आगामी नए पर्यटन सत्र में सड़क की बदहाली को दूर कराया जा सकता हे। इसके लिए काफी समय बाकी है।

# जिले के 19 ग्राम पंचायत अधिकारियों के क्लस्टर बदले

- डीएम के अनुमोदन पर डीपीआरओ ने की कार्रवाई

**पीलीभीत, अमृत विचारः** जिलाधिकारी के अनुमोदन पर जिले के विभिन्न ब्लॉकों में तैनात 19 ग्राम पंचायत अधिकारियों के क्लस्टर में बदलाव किया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने सभी को तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

जनपद के विभिन्न विकासखंड खंडों में एक ही स्थान पर कब्जा जमाए बैठे ग्राम पंचायत अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव की शुरुआत हो गई है। इधर जिलाधिकारी के अनुमोदन पर जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित ने सभी सात ब्लाकों के 19 ग्राम पंचायत अधिकारियों के क्लस्टर में बदलाव किया है।

जिला पंचायत राज अधिकारी की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, विकास खंड अमरिया के चार ग्राम पचायत अधिकारियों को दूसरे क्लस्टर में भेजा गया है। इसके अलावा बरखेड़ा ब्लाक में एक, मरौरी में दो, बिलसंडा और बीसलपुर में तीन-तीन, ललौरीखेड़ा में दो और विकास खंड पूरनपुर में चार ग्राम पंचायत अधिकारियों के क्लस्टर बदले गए हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित भारती ने बताया कि जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद सभी को तत्काल दूसरे क्लक्टर की ग्राम पंचायतों का चार्ज लेने के निर्देश दिए गए हैं।

# 25वें वार्षिकोत्सव पर बच्चों ने मचाया धमाल



डांस की प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** कोरियोग्राफर जावेद हुसैन की डांस एकेडमी का 25 वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान आओ नाचे झूमे कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।

बिलगवां रोड स्थित एकेडमी में हुए कार्यक्रम की शुरुआत एडीएम ऋतु पूनिया, राजकीय मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा, अपर जिला जज किरन पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके कराई। विशिष्ट अतिथि सुजाता अग्रवाल और लिटिल एंजिल्स स्कूल की उप प्रधानाचार्य अंजू सक्सेना रहीं। परी गंगवार, नवीशा, सपना वर्मा, हानिया खान, धनवीर सिंह, तृषा अग्रवाल, अनिका सिंह ने गीत पर नृत्य किया। यशवंत खान ने दरखास्त जीत पर सोलो डांस किया। अंत में समस्त बच्चों ने ओम शांति ओम और मयूर पीकॉक थीम पर सामूहिक नृत्य किया। अतिथियों और बच्चों संग मिलकर कोरियोग्राफर ने केक काटा। संचालन आरिज अल्वी ने किया।

## सार-संक्षेप

### भाईचारे को बढ़ावा देने पर दिया जोर



**पीलीभीत, अमृत विचार** : बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के गांव जंगरौली में बहुजन समाज भाईचारा सम्मेलन भीम आर्मी की ओर से आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष सौरभ भारतीय रहे। उन्होंने सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया, ताकि सभी समुदाय मिलकर एकजुटता के साथ विकास की दिशा व भीम आर्मी को मजबूत करने का काम करें। इस मौके पर मुकेश कुमार गौतम, हरीश कुमार गंगवार, महेंद्रपाल गौतम, विश्वजीत रावण, पुष्पेन्द्र गौतम, नीरज जाटव, ज्ञानेंद्र गंगवार, बहादुर वर्मा, सोनू गौतम, सुमित गौतम, अमित, अजयपाल गौतम, आलोक कुमार, हरिओम गंगवार आदि मौजूद रहे।

### माला जंगल के गेस्ट हाउस में मनाई मैंगो पार्टी



**पीलीभीत, अमृत विचार** : भारतीय योग संस्थान की ओर से रविवार को माला जंगल के वन विभाग के अतिथि ग्रह में मैंगो पार्टी का आयोजन किया गया। सुबह करीब 8 बजे मुख्य अतिथि डीएफओ भरत कुमार डीके रहे। इसकी शुरुआत भजन और ओम् ध्वनि गायत्री मंत्र से की गई। अष्टांग योग पर चर्चा सीए संजय अग्रवाल और तेज नारायण गंगवार ने की। तेज नारायण ने योग के आठ अंग यम, नियम, आसान, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान एवं समाधि पर विस्तार से जानकारी दी। सभी साधकों ने ध्यान पूर्वक आत्मसात किया। बांसुरी वादक आदित्य ने बांसुरी वादन किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शहर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित योग कार्यक्रमों में मार्गदर्शन करने वाले भारतीय योग संस्थान के योग शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन रसीले आमों के रसास्वादन एवं ठंडाई से हुआ। डीएफओ ने सभी साधकों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर में कम से कम एक योग साधक अवश्य होना चाहिए, तभी योग को बढ़ावा मिल सकेगा। उच्च न्यायालय के रिटायर्ड न्यायाधीश वीसी गुप्ता भी पत्नी के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम में करीब 90 साधकों ने भाग लिया। संचालन मोहित अग्रवाल ने किया।

### सुंदरकांड पाठ का समापन, बांटा प्रसाद



**दियोरियाकलां, अमृत विचाार** : मकरंदापुर चौराहे पर शनिदेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का एक वर्ष पूर्ण होने पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसका रविवार को समापन हुआ। पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। आयोजक उमेश रस्तोगी ने बताया कि 29 जून 2024 को मकरंदापुर चौराहे पर यात्री शेड के पास बने देवस्थान पर शनि देव की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। इसका एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार शाम को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जो रविवार सुबह समापन हुआ। इस मौके पर रवि रस्तोगी, उमाकांत रस्तोगी, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, हरीश मौर्य आदि सेवा कार्य में लगे रहे।

### पौधरोपण कर दिया हरियाली का संदेश



**पीलीभीत, अमृत विचार** : ब्लॉक अमरिया के ग्राम कैंचूटांडा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया। एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत पौधे रोपित किए गए। पहले पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। पौधा लगाने के बाद उसकी देखभाल करने का भी संकल्प लिया। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को सुना। इस मौके पर बूथ अध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर, विजय देव शर्मा, मनोज कुमार राठौर आदि मौजूद रहे।







## शहर में आज

- सत्य नारायण मंदिर पर जरूरतमंदों को भोजन वितरण दोपहर 12 बजे।
- भारतीय योग संस्थान की ओर से अशोक कॉलोनी ग्राउंड पर योग शिविर सुबह 5.30 बजे।
- कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत सदर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में संवाद दोपहर 12 बजे।
- गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में विशेष आरती पूजन सुबह 7.30 बजे।

## महिला से मारपीट और छेड़छाड़ की रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ग्राम प्रधान ने राजस्व टीम और पुलिस बल की मौजूदगी में पैमाइश कराकर तालाब की खुदाई शुरू करा दी। 28 जून को गांव के ही अवधेश, पंकज, संतोष और गुरुदयाल ने असलहा लहराकर हमला कर दिया। जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता के कपड़े फाड़कर छेड़छाड़ की गई। किसी तरह खुद को बचाया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# धनाराघाट पुल के निर्माण में अटका रोड़ा एनओसी को नहीं मिला अनुमोदन

### बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई होने के चलते स्टेट बोर्ड फॉर वाइल्डलाइफ की बैठक में फैसला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** ट्रांस शारदा क्षेत्र की करीब ढाई लाख आबादी को राहत पहुंचने के लिए शारदा नदी पर प्रस्तावित धनाराघाट पुल के निर्माण की राह में रोड़ा अटक गया है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई स्टेट बोर्ड फॉर वाइल्डलाइफ की बैठक में पीलीभीत टाइगर रिजर्व क्षेत्र में वृक्षों के पातन संबंधी प्रस्ताव को अनुमोदन नहीं मिल सका। बताते हैं कि प्रस्ताव में कटान वाले पेड़ों की संख्या अधिक होने के चलते अनुमति नहीं दी गई है। फिलहाल अब शासन स्तर से संशोधित प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

पूरनपुर तहसील के ट्रांस शारदा क्षेत्र में 80 से अधिक गांवों में करीब ढाई लाख आबादी रहती है। आबादी के तहसील मुख्यालय आवागमन के लिए शारदा नदी पर हर साल पैंटून पुल बनाया जाता है। मानसून सीजन के दौरान बाढ़ की आशंका के चलते पैंटून पुल हटा लिया जाता है। करीब तीन से चार माह तक ट्रांस शारदा क्षेत्र का संपर्क तहसील एवं जिला मुख्यालय से कटा रहता है। ऐसे में यहां की आबादी 30 किमी की जगह 130 किमी लंबा चक्कर लगाकर तहसील मुख्यालय तक पहुंच पाती है। शारदा नदी पार क्षेत्र की आबादी करीब दो दशक से नदी पर पक्के पुल की मांग करती आ रही थीं।



स्थायी पुल न होने से इसी पैंटून पुल के सहारे गुजरती है ट्रांस शारदा क्षेत्र की आबादी।

> धनाराघाट पर शारदा नदी सेतु निर्माण के लिए लखीमपुर वन विभाग की ओर से एनओसी मिल चुकी है। पीलीभीत वन विभाग की ओर से एनओसी न मिलने की जानकारी मिली है। हालांकि इसको लेकर अभी कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। जल्द ही संशोधित प्रस्ताव तैयार कर भेजा जाएगा। – **आशीष निरवाल**, एसडीओ, सेतु निगम

केंद्रीय मंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के प्रयास गत वर्ष कैबिनेट में धनाराघाट पुल निर्माण को 2 अरब 69 लाख 29 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है। पुल निर्माण के लिए 94.19 करोड़ रुपये की पहली किस्त भी जारी हो चुकी है। अब सेतु निगम की ओर से कार्य कराया जाना है। कार्यदायी संस्था की ओर से प्लांट भी लगा दिया गया है।

इधर जिस स्थान पर पुल का निर्माण कराया जाना है, वहां पीलीभीत टाइगर रिजर्व का कुछ हिस्सा आड़े आ रहा था। इस पर राजस्व विभाग ने 4.66 एकड़ जमीन लोक निर्माण विभाग को हैंडओवर भी कर दी है। यहां अब सेतु निगम को कार्य करने की अनुमति मिलना बाकी है। करीब तीन माह पूर्व धनाराघाट पर शारदा नदी सेतु पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग का निर्माण एवं सुरक्षात्मक कार्य के लिए 0.96 हेक्टेयर आरक्षित वन भूमि के 259 वृक्षों के पातन संबंधी प्रस्ताव तैयार कर वन विभाग को भेजा गया था। उस दौरान माना जा रहा था कि भेजे गए प्रस्ताव को जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी और प्रस्तावित पुल का निर्माण कार्य तेजी से शुरू करा दिया जाएगा। मगर प्रस्तावित धनाराघाट पुल निर्माण की राह में रोड़ा अटक गया है।

दरअसल, पिछले दिनों मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में स्टेट बोर्ड फॉर वाइल्डलाइफ की बैठक हुई थी। इसमें प्रस्तावित धनाराघाट पुल निर्माण के लिए वन्यजीव क्लीयरेंस संबंधी प्रस्ताव भी रखा गया, मगर प्रस्ताव को अनुमोदन नहीं मिल सका। बताते हैं कि प्रस्ताव में अधिक वृक्षों का पातन शामिल होने के कारण प्रस्ताव पर अनुमोदन नहीं दिया गया। फिलहाल अब शासन स्तर से संशोधित प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए हैं। इधर सेतु निगम के अभियंताओं का कहना है कि प्रस्ताव को अनुमोदन न मिलने की जानकारी है। अब जल्द ही संशोधित प्रस्ताव तैयार कर भेजा जाएगा।

### धनाराघाट पर बनेगा 3.287 किमी लंबा पुल

पूरनपुर-धौरी-कंचनपुर मार्ग पर धनारा घाट पर बनने वाले मुख्य पुल की लंबाई 3.287 किमी होगी। वहीं पहुंच मार्ग भाग की लंबाई 200-200 मीटर रहेगी। धनाराघाट पुल बन जाने से पूरनपुर तहसील के हजारा, भरतपुर, अशोकनगर, अयोध्यापुरी, चंदननगर, लक्ष्मणनगर, नेहरूनगर, रामनगर, विनोवानगर, धर्मपुरी समेत 80 से अधिक गांवों के ग्रामीणों की राह आसान हो सकेगी। इसके साथ ही लखीमपुर खीरी के संपूर्णानगर, पलिया आने-जाने वालों को कम दूरी तय करनी होगी।

## नाम बदलकर दूसरी शादी, पहली पत्नी के विरोध पर हंगामा

**पूरनपुर, अमृत विचारः** दो बच्चों के पिता ने नाम बदलकर दूसरे धर्म की युवती से शादी कर ली। घर पहुंचने पर पहली पत्नी ने विरोध कर मायके वालों को बुला लिया। दूसरी शादी करने वाले युवक की जमकर पिटाई लगाई। युवक की मां और पहली पत्नी ने कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है।

बता दें कि कोतवाली क्षेत्र का एक युवक शादीशुदा है। उसके दो बच्चे हैं। करीब एक साल पहले वह खुटार से लखीमपुर के लिए मैजिक चलाता था। इस दौरान लखीमपुर की रहने वाली दूसरे धर्म की युवती से उसकी मुलाकात हुई। आरोपी ने अपनी पहचान छुपा कर दूसरे धर्म की युवती से एक मंदिर में शादी कर ली। युवती के माता-पिता नहीं है। पहले से शादीशुदा युवक ने युवती को लेकर दिल्ली पहुंच गया और वहीं रहने लगा। कुछ दिन बाद युवती को दिल्ली में छोड़कर अपने घर पहली पत्नी और बच्चों के पास आकर रहने लगा। कुछ दिन पहले दिल्ली में रह रही युवती उसकी पत्नी बनकर घर आ गई। इस पर पहली पत्नी ने विरोध किया और अपने मायके वालों को बताया। युवक ने दूसरी पत्नी को भी घर में रखने की बात कही। जिसके बाद विवाद बढ़ गया। ससुराल वालों ने युवक की पिटाई कर दी। उसके बाद युवक, उसका भाई और मां कोतवाली पहुंचे और पुलिस से शिकायत की। पहली पत्नी के मायके वालों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी।




## कपड़ों से हुई शिनाख्त, मुड़गवां की महिला का बताया कंकाल

संवाददाता, बिलसंडा

- शनिवार को गन्ने के खेत में मिला था कंकाल

**अमृत विचारः** गांव मुड़गवां में शनिवार को एक गन्ने के खेत में कंकाल मिला था। कपड़ों के आधार पर ग्रामीणों ने इसकी शिनाख्त का दावा किया है, जिसमें महिला के मानसिक मंदित होने की बात कही गई है। ये भी कहना है कि वह एक पखवाड़े से लापता थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बता दें कि ईटगांव पुलिस चौकी से सटे गांव मुड़गवां निवासी एक युवक ने शनिवार को पुलिस को सूचना दी थी कि गांव के राजपाल के गन्ने के खेत में एक कंकाल पड़ा है। सूचना पर चौकी इंचार्ज नन्द किशोर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की थी। कंकाल के ऊपर महिला के ही कपड़े पड़े हुए थे। इसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों को मौके पर बुलाया। इस पर मृतक की शिनाख्त के दावे किए गए। कपड़े के आधार पर शिनाख्त करते हुए 58 वर्षीय सुषमा पुत्री रामसेवक का कंकाल होने का दावा किया गया है। ये भी बताया कि महिला मानसिक मंदित थी।

# परचून ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने किया हड़ताल का ऐलान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बोले: प्रशासन ने नहीं ली सुध, इसलिए उठाए कदम
- दवा सहित आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति हो सकती है प्रभावित

**अमृत विचारः** ट्रांसपोर्टर्स की समस्या का समाधान न होने पर अब हड़ताल पर जाने का फैसला ले लिया गया है। रविवार रात 12 बजे से हड़ताल पर जाने का ऐलान दिन में ही कर दिया गया। ट्रांसपोर्टर की हड़ताल से दवाओं समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। ट्रांसपोर्टरों ने ये भी चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन ने शीघ्र ही परचून वाहनों के प्रवेश में छूट नहीं दी तो सभी ट्रांसपोर्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

दि परचून ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (फुटकर एवं थोक) से जुड़े ट्रांसपोर्टरों ने बीते दिनों डीएम को ज्ञापन दिया था। जिसमें नो एंट्री में छूट की मांग की गई। उनका कहना था कि उन्हें दिन में तीन बजे से पांच बजे तक ट्रक को अंदर लाने की अनुमति दे दी जा। मगर इस पर कोई छूट नहीं मिल सकी। इसे लेकर रविवार को चुंगी माल गोदाम में एसोसिएशन की बैठक हुई। जिसमें तय किया कि प्रशासन द्वारा उनकी शर्तो और मांगो को पूरा नहीं किया है इसलिए रविवार की रात से दो दिन की हड़ताल पर जा रहे हैं। अगर इसके बाद भी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया तो हड़ताल आगे भी बढ़ती रहेगी और जिले में होने वाले व्यवसाय में नुकसान की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। बैठक में जिले की विक्रम ट्रांसपोर्ट, चोपड़ा ट्रांसपोर्ट, सूरज ट्रांसपोर्ट, लक्ष्मी ट्रांसपोर्ट, संजी ट्रांसपोर्ट, अग्रवाल ट्रांसपोर्ट, विजय ट्रांसपोर्ट, साबरी रोड लाइन्स, अम्बर गोल्डन, सिंह ट्रांसपोर्ट आदि के प्रोपराइटर शामिल हुए। सभी ने हड़ताल में शामिल होने का निर्णय लिया। जिले में संचालित व्यापार मंडलों से भी संपर्क साधा जा रहा है। ऐसे में अगर यह हड़ताल लंबी चलती है तो व्यापार मंडल भी इसमें शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## बाइक को टक्कर मारकर झाड़ियों में घुसी कार, तीन लोग घायल

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** हाइवे पर बाइक को टक्कर मारने के बाद कार झाड़ियों में घुस गई। हादसे में दंपती समेत तीन लोग घायल हो गए। दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के गांव महदखास के रहने वाले पप्पू अपनी पत्नी ज्योति और भाई शोभित के साथ बाइक से ससुराल मैलानी जा रहे थे। खुटार मार्ग पर चीनी मिल के पास अनियंत्रित कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार तीनों लोग गंभीर



हादसास्थल पर झाड़ियों में घुसी कार।

रूप से घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद कार अनियंत्रित होकर झाड़ियों में चली गई। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी ले जाया गया। पप्पू, ज्योति और शोभित को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

## महिला से छेड़छाड़, छत से फेंकने का आरोप

**पीलीभीत, अमृत विचारः** गजरौला क्षेत्र के एक व्यक्ति के अनुसार, 27 जून की रात उसकी बहन छत पर काम से गई थी। इस बीच पड़ोस का अनिल उर्फ विजय, ज्ञानप्रकाश, कृष्ण कुमार, भूपराम आ गए और बहन से छेड़छाड़ करने लगे। इसके बाद छत से फेंक दिया, जिसमें बहन को चोट आई। शोर सुनकर परिवार वाले मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उनसे भी मारपीट की। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# मेस्टन धर्मशाला व शाहगढ़ के ऐतिहासिक टीले को मिल सकती है संजीवनी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- राज्य पुरातत्व विभाग ने डीएम से शहर के दोनों ऐतिहासिक धरोहरों के मांगे राजस्व अभिलेख

**अमृत विचारः** जनपद की ऐतिहासिक धरोहरों में शुमार शाहगढ़ स्थित राजा वेणु का टीले और मेस्टन धर्मशाला (मूलचंद धर्मशाला) की बिखरती काया को जल्द संजीवनी मिल सकती है। करीब माह पूर्व सहायक पुरातत्व अधिकारी द्वारा किए गए निरीक्षण के बाद अब राज्य पुरातत्व विभाग की निदेशक ने डीएम से दोनों ऐतिहासिक धरोहरों को राजकीय संरक्षण में लेने से पूर्व इसके राजस्व अभिलेख उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। सामाजिक कार्यकर्ता शिवम कश्यप ने सांसद को पत्र भेजकर प्राचीन धरोहर को संरक्षित करने की मांग की थी।

जनपद में तमाम ऐतिहासिक धरोहरें हैं। इनका निर्माण ब्रिटिशकाल और मुगलकाल के दौरान कराया था। इसमें कई धरोहरें देखरेख के अभाव में खुर्दबुर्द हो रही है। शहर के सामाजिक कार्यकर्ता शिवम कश्यप ने गत वर्ष खुर्दबुर्द हो रहे शाहगढ़ स्थित राजा वेणु के टीले, मेस्टन धर्मशाला समेत अन्य धरोहरों को संरक्षित करने को पुरातत्व विभाग से पत्रचार किया था। केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद को भी पत्र भेजा। जिस पर केंद्रीय मंत्री ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से पत्राचार किया था।

केंद्रीय मंत्री के प्रयास के बाद करीब दो माह पहले राज्य पुरातत्व विभाग लखनऊ के सहायक पुरातत्व अधिकारी राजीव त्रिवेदी पीलीभीत पहुंचे थे। उस दौरान उन्होंने शहर के ऐतिहासिक गौरीशंकर मंदिर का निरीक्षण करने के साथ जहानाबाद



राजा वेणु के टीले पर खुदाई कर निरीक्षण करतीं पुरातत्व विभाग की टीम (फाइल)।

क्षेत्र में बिलईखेड़ा, शहर स्थित मेस्टन धर्मशाला और शाहगढ़ स्थित राजा वेणु के टीले का का निरीक्षण किया था। इससे पूर्व गत वर्ष नंवबर माह में भी भारतीय पुरातत्व विभाग की लखनऊ सर्किल की टेक्नीकल टीम ने भी राजा वेणु के टीले का सर्वे किया था। टीम ने अपनी सर्वे रिपोर्ट में इस स्थल के ऐतिहासिक होने संभावना दर्शाई गई थी।



# भाजपा अवध क्षेत्र महामंत्री ने रोपा पीपल का पौधा


मंडी परिसर में पीपल का पौधा लगाकर पानी देते महामंत्री विजय प्रताप सिंह।

**संवाददाता, मैंगलगंज**

**अमृत विचारः** भाजपा अवध क्षेत्र के महामंत्री एवं अयोध्या नगर के प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ कस्बे की नवीन गल्ला मंडी परिसर में में पीपल का पौधा लगाया।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत कर नई दिल्ली में बुद्ध जयंती पार्क में पीपल का पौधा लगाया। प्रधानमंत्री का यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान को जोड़ता है। गत दशक में देश में वन क्षेत्र बढ़ा है। मां के नाम पर पेड़ लगाने से माताओं का सम्मान एवं पर्यावरण संरक्षण का लक्ष्य पूरा होता है। पेड़ ही मां की तरह पोषण एवं सुरक्षा देते हैं।

उन्होंने बताया कि जीवन के लिए ऑक्सीजन जरूरी है, जो हमें पेड़ों से मुफ्त में मिलती है। इस अवसर पर गन्ना समिति चेयरमैन राजेन्द्र मिश्रा, रजनीश त्रिवेदी सहित तमाम कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# इंतजार खत्म, कल खुलेगा गोला-लखीमपुर मार्ग

## आरओबी निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था ने लिया था ब्लॉक, कांवड़ियों के लिए बना दी ओवर ब्रिज की सर्विस पटरी

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी/ गोला गोकर्ण नाथ**

**अमृत विचारः** पीलीभीत बस्ती हाईवे पर एक बार वाहन गोला और लखीमपुर के बीच एक जुलाई से रफ्तार भरेंगे, क्योंकि जंगल वाली क्रॉसिंग पर आरओबी का निर्माण कराने के लिए कार्यदायी संस्था ने जो ब्लॉक लिया था, उसकी समय सीमा सोमवार रात 12 बजे खत्म हो रही है। हालांकि रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण अभी 80 फीसदी ही हो सका है। शेष 20 प्रतिशत सावन बाद होगा। सावन में छोटी काशी आने वाले शिव भक्तों को कंकड़ न लगें इसलिए कार्यदायी संस्था ने सर्विस रोड भी तैयार कर दी है।

लखीमपुर गोला के बीच रेलवे क्रॉसिंग फरधान और गोला जंगल वाली रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज पिछले साल से बन रहा है। अधिकारियों की उदासीनता के कारण अब तक पूरा नहीं हुआ है। फरधान में ओवरब्रिज का काम लगभग पूरा है। ओवरब्रिज पर हॉटमिक्स रोड का बनना भी बताया जाता है। जबकि गोला क्रॉसिंग पर बन रहे ओवरब्रिज का निर्माण अगस्त में पूरा होने की उम्मीद है। कार्यदायी संस्था ने ओवरब्रिज निर्माण को गति देने के लिए 30 जून की मध्य रात तक 19 दिन का ब्लॉक लिया था।

ऐसे में लोग इस ब्लॉक अवधि में निर्माण कार्य पूरा होने का ख्वाब देखकर एक जुलाई से ओवरब्रिज पर रफ्तार भरने का सपना देखने लगे थे। मगर, राहगीरों का यह सपना, सपना ही बनकर रह गया। इसकी वजह 19 दिन के ब्लॉक में ओवरब्रिज का 80 फीसदी ही काम हो पाया है।


ओवर ब्रिज निर्माण में लगे श्रमिक। ● अमृत विचार


लोगों के आवागमन के लिए बनकर तैयार सर्विस रोड। ● अमृत विचार

> रेलवे ओवरब्रिज पर फैब्रिकेशंस का काम हो चुका है। ब्लॉक की समयावधि नहीं बढ़ाई जाएगी। एक जुलाई से क्रॉसिंग छोटे, बड़े वाहनों, राहगीरों के आवागमन के लिए खोल दी जाएगी। **-दिलीप कुमार,** ठेकेदार कार्यदायी संस्था

### आरओबी निर्माण में स्टील फेब्रिकेशन का काम पूरा

कार्यदायी संस्था के लोगों ने बताया कि 19 दिन की ब्लाक अवधि में तमाम निर्माण कार्य कराया जाएगा। सबसे अहम स्टील फेब्रिकेशन का काम पूरा हो गया है। इसके अलावा टाई बीम एवं साइड कॉलम पिलर का चल रहा है, जो एक दो दिन में पूरा हो जाएगा। निर्माण कार्य में लगे लोगों का कहना है कि एक जुलाई से क्रासिंग खुल जाएगी। जो काम शेष रह गया है उससे वाहनों के आवागमन में कोई अड़चन नहीं आएगी।

### सर्विस रोड तैयार, वाहन भरेंगे रफ्तार

रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के दौरान सर्विस पटरी काफी क्षतिग्रस्त हो गई थी। इससे वाहनों के गुजरते समय यात्रियों को दिक्कत होती थी। सबसे ज्यादा दिक्कत दो पहिया वाहन चालकों को हो रही थी,क्योंकि अक्सर बड़े वाहनों के टायर की चपेट में आकर गिट्टियां उछलकर लोगों के लग जाती थी। मगर, अब सर्विस रोड बनने से छोटे बड़े वाहन बेधड़क रफ्तार भर सकेंगे।

### सावन माह के बाद फिर लिया जाएगा ब्लाक

सावन की शुरुआत 11 जुलाई से हो रही है। सावन भर छोटी काशी में लाखों की संख्या में शिव भक्त कांवड़ लेकर आते हैं। ऐसे में भक्तों को आने-जाने में असुविधा न हो इसलिए ब्लॉक की समय अवधि खत्म होने के बाद एक जुलाई से वाहनों के आवागमन के लिए क्रॉसिंग खोल दी जाएंगी। मगर, शेष काम कराने के लिए सावन के बाद एक बार फिर आठ से दस का ब्लॉक लेकर काम पूरा किया जाएगा।

# 25 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दीं टीएलएम किट

**पसगवां, अमृत विचारः** डीसीएम श्रीराम फाउंडेशन ने पसगवां ब्लॉक की 25 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को शैक्षिक सामग्री, उपयोगी संसाधनों और बच्चों के लिए शिक्षण सहायक सामग्री से युक्त टीएलएम किट वितरित की। ये विशेष किट अजबापुर चीनी मिल के एचआर हेड केएन राय, अपर महाप्रबंधक गन्ना ए सिद्दीकी और थानाध्यक्ष पसगवां रविन्द्र सोनकर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को वितरित कीं। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड शुगर एवं डिस्टिलरी यूनिट अजबापुर अपने फाउंडेशन के तत्वावधान में प्रथम फाउंडेशन संस्था के सहयोग से प्राथमिक शिक्षा को सशक्त बनाने में सहयोग कर रही है।

एचआर हेड केएन राय ने कहा कि हमारा उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों को सशक्त बनाना और बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाना है। केंद्रों पर आप सब मन लगाकर कार्य करें, चीनी मिल हरसंभव सहायता प्रदान करती रहेगी। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से शिवम श्रीवास्तव और प्रधान अल्लीपुर नरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# क्या शावकों के सिर से हट जाएगा मां का साया

**धर्मवीर गुप्ता, बांकेगंज**

**अमृत विचारः** रत्नापुर और ढाका गांव में आतंक मचाने वाली बाघिन को ट्रैंकुलाइज करने के निर्देश वनाधिकारियों को प्राप्त हो चुके हैं। ऐसे में वन्यजीव प्रेमियों और विशेषज्ञों में तीनों शावकों के जीवन को लेकर चिंता बढ़ गई है। उनका मानना है कि माता के बिना शावक किसी अन्य बाघ का अथवा ग्रामीणों के आक्रोश का शिकार बन जाएंगे।

23 जून की शाम रत्नापुर में सड़क किनारे घास काट रहे 12 वर्षीय किशोर प्रदीप कुमार पर जानलेवा हमला करने के साथ ही कुछ दिनों में कई पशुओं को घर में घुसकर मारने वाली बाघिन को अंततः ट्रैंकुलाइज करके क्षेत्र वासियों को दहशत से निजात दिलाने का आदेश गोला वन विभाग टीम को मिल चुका है। गोला वन रेंज में दो पिंजरे व मैलानी वन रेंज के ढाका में एक पिंजरा लगाया है। कई कैमरे भी लगाए जा चुके हैं। उसे ट्रैंकुलाइज करने के लिए टीम मौके पर पहुंच चुकी है। रत्नापुर में लगे पिंजरे में पहले दिन बकरा बांधा गया, दूसरे दिन मृत पड़िया को पिंजरे में डाला गया, लेकिन बाघिन अभी तक स्वच्छंद घूम रही है। तमाम ग्रामीण बाघिन के साथ तीन शावकों के होने की चर्चा भी कर रहे हैं। वनकर्मी कैमरे में शावकों के दिखाई न देने की बात कह रहे हैं। ग्रामीणों की बात झुठलाना आसान नहीं है, क्योंकि 18 अक्टूबर 2024 को रत्नापुर से कुछ दूरी पर बांकेगंज कुकरा मार्ग पर लोहिया पुल के पास बाघिन अपने तीन शावकों को मुंह में दबाकर बारी-बारी से सड़क पार करते हुए दिखाई दी थी, जिसका फोटो और वीडियो वायरल हुआ था। यदि वही बाघिन रत्नापुर में है तो उसके साथ तीन शावकों का होना भी सच है। कुछ अनुभवी वनकर्मी स्वीकार करते हैं कि बाघिन आमतौर पर शावकों को एक निश्चित स्थान पर छोड़ देती है। उन्हें अपनी भाषा में समझाकर वहीं रुकने को कहकर शिकार करने जाती है। शिकार लेकर वापस उसी स्थान पर आती है।


दुधवा में बढ़ा बाघों का कुनबा, बाघिन के साथ दिखे शावक

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

> क्षेत्र में उत्पात मचाने वाला बाघ हो या बाघिन उसे ट्रैंकुलाइज करके पकड़ा जाएगा। इसकी अनुमति मिल गई है और एक्सपर्ट की टीम भी आ गई है। रही बात शावकों की तो वे अभी तक कैमरे में दिखाई नहीं दिए हैं। **- संजीव कुमार,** वन क्षेत्राधिकारी गोला

- **बाघिन को ट्रैंकुलाइज करने की वन विभाग को मिली अनुमति**
- **तीन शावकों को मुंह में दबाकर सड़क पार करती दिखी थी बाघिन**

### क्या कहते हैं वन्य जीव विशेषज्ञ



वन्य जीव विशेषज्ञ डॉक्टर जितेंद्र शुक्ला बताते हैं अगर उस क्षेत्र में दहशत फैलाने वाली बाघिन के साथ तीन शावक है तो वन विभाग को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। क्योंकि शावक अपनी माता की छत्रछाया में शिकार और संघर्ष करना सीखते हैं। नर शावक डेढ़ वर्ष की आयु में खुद शिकार करने में समर्थ हो जाता है और माता से अलग होकर अपना क्षेत्र बनाने का प्रयास करता है। मादा शावक दो वर्ष की आयु के बाद माता से अलग रहने में सक्षम हो जाती है। इससे पहले यदि उनकी माता को उनसे अलग कर दिया जाए तो उन्हें जीवन के लिए संघर्ष करना कठिन हो जाएगा। बाघों में एक बुरी आदत होती है वे अपनी ही नस्ल को आगे बढ़ते देखना चाहते हैं। ऐसे में यदि शावक अन्य बाघों की नजर में आ गए तो वे ही इन्हें मार देंगे। दूसरे अभी शिकार करने में अपरिपक्व शावक यदि माता के पदचिन्हों पर चलते हुए किसी पालतू पशु का शिकार करने किसी ग्रामीण के घर में घुस गए तो ग्रामीण भी इन्हें घेरकर मार सकते हैं, इसलिए वन विभाग को बाघिन को ट्रेंकुलाइज करने और शावकों से उसे दूर करने से पहले इन बिंदुओं पर भी विचार कर लेना चाहिए। मानव जीवन बहुमूल्य है। उसकी सुरक्षा जरूरी है परंतु वन्यजीव भी परिस्थिति तंत्र का एक अहम हिस्सा है। उन्हें भी नष्ट होने से बचाना हमारी जिम्मेदारी है।

# युवक का संदिग्ध हालात में मिला शव

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** भीरा थाना क्षेत्र के गांव गोंधिया निवासी मृतक के भाई राजू पुत्र जयचंद ने बताया कि उसका छोटा भाई पंकज (28) शनिवार 28 जून की शाम चार बजे बाइक से अपनी सास को ससुराल छोड़ने गोला के राजेंद्र नगर मोहल्ले के लिए निकला था। शाम तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो जानकारी करने पर सास ने बताया कि पंकज ने उसे बस्तौली में ही छोड़ दिया था।

इस पर परिजनों को अनहोनी की आशंका होने पर उन्होंने भीरा थाने पर सूचना दी। भीरा पुलिस को मोबाइल से लोकेशन ट्रेस होने पर तलाश करने के दौरान पंकज लखीमपुर रोड स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे जंगल के किनारे मृत अवस्था में पड़ा मिला। उसके शव के पास बाइक खड़ी मिली। मृतक अपने पीछे पत्नी ज्योति और पुत्री अनन्या (6) को रोते बिलखते छोड़ गया है।

# बाघिन पकड़ने की कोशिश बारिश से प्रभावित

**संवाददाता, बांकेगंज/कुकरा**

**अमृत विचारः** गोला पश्चिमी बीट के रत्नापुर गांव में आतंक मचा रही बाघिन को ट्रैंकुलाइज करने के निर्देश मिलने के बाद उसे पकड़ने की कवायद तेज कर दी है लोकेशन जानने के लिए ड्रोन कैमरा तथा दो जालीदार ट्रैक्टर मौके पर मंगा लिए हैं।

शनिवार देर शाम दल बल के साथ रत्नापुर गांव पहुंचकर गोला रेंजर संजीव तिवारी, डॉ. दीपक वर्मा ने प्रभावित रंजीत सिंह तथा सतनाम सिंह के घरों के पास दो पिंजड़े लगवाए। बाघिन की मौजूदगी को देखते हुए भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के जिला अध्यक्ष बलकार सिंह, हजरतपुर प्रधान हरजिंदर सिंह, ढाका प्रधान रामकिशन, रिजवान अंसारी, विद्दन खान, समसुल हसन, आरिफ, छोटे, हबीब पठान सहित तमाम ग्रामीण एवं किसान हाथों में लाठी डंडा एवं टॉर्च के साथ मौजूद रहे। पिंजड़ा लगवाने के बाद किसान और ग्रामीण चले गए। वनकर्मी काफी देर तक बाघिन की लोकेशन जानने का प्रयास करते रहे परंतु गांव में हलचल देख बाघिन पूरी रात किसी भी घर के पास नहीं आई।

रविवार को पुनः ट्रैंकुलाइज के लिए प्रयास किया जाना था परन्तु हल्की बारिश के कारण प्रयास नहीं किए जा सके। कांबिंग करने के लिए दो जालीदार ट्रैक्टर भी रत्नापुर गांव में पहुंच चुके हैं। हालांकि बारिश रुकने के बाद शाम को डीएफओ साउथ संजय विश्वाल, डॉ. दयाशंकर, डॉ. दीपक वर्मा, गोला रेंजर संजीव कुमार तिवारी रत्नापुर गांव पहुंचे तथा बाघिन को ट्रैंकुलाइज करने का प्रयास किया।


रत्नापुर में ग्रामीणों के सहयोग से पिंजड़ा लगवाते वनकर्मी। ● अमृत विचार

- **अब जालीदार ट्रैक्टर से की जाएगी कांबिंग**

> बारिश के कारण आज ट्रेंकुलाइज के लिए प्रयास किया जाना कठिन है। यद्यपि मौके पर जाकर टीम जैसा उचित समझेगी वैसा किया जाएगा। साथ ही पिंजड़े में आज पुन : एक पशु बांधा जाएगा। **-संजीव कुमार तिवारी,** वन क्षेत्राधिकारी गोला।

# खाद विक्रेताओं की मांग फुटकर में निर्धारित हो कीमत


तहसीलदार मितौली को ज्ञापन देते फुटकर खाद विक्रेता। ● अमृत विचार

**संवाददाता, मैगलगंज**

**अमृत विचारः** खुदरा कृषि व्यापारी एसोसिएशन के लोगों ने निजी दुकानदारों के लिए खाद बिक्री का मूल्य निर्धारित करने, इसमें दुकानदारों को प्रॉफिट तय करने के अलावा फुटकर व्यापारियों का थोक विक्रेताओं द्वारा हो रहे उत्पीड़न पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। खाद व्यापारियों ने तहसीलदार को ज्ञापन देकर मूल्य निर्धारण न होने पर अनिश्चितकाल तक दुकानें बंद रखने का ऐलान किया है।

खुदरा कृषि व्यापारी संगठन के संदीप शुक्ला ने बताया कि सरकार ने समितियों पर बिकने वाली यूरिया, डीएपी एवं अन्य खाद की फुटकर बिक्री का मूल्य निर्धारित कर रखा है। मगर, निजी विक्रेता किस मूल्य खाद की बिक्री करें, जिससे वह लाभ में रहें, इसका निर्धारण नहीं है। हालांकि इसके लिए पिछले दिनों अपर जिला अधिकारी एवं कृषि अधिकारी को ज्ञापन देकर निजी खाद विक्रेताओं के लिए खाद बिक्री का मूल्य निर्धारित करने की मांग की गई थी, जिस पर अब तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया।

पदाधिकारियों का कहना है कि थोक विक्रेता 300 से 330 रुपये प्रति बोरी यूरिया देते हैं। गोदाम तक लाने में प्रति बोरी 15 से 20 रुपए का भाड़ा, लेबर चार्ज व अन्य खर्च आता है। इस तरह एक बोरी यूरिया 350 रुपये की पड़ती है। जबकि शासन से यूरिया का मूल्य 266.50 प्रति बोरी निर्धारित है। ऐसे में 350 रुपये की बोरी खरीदकर 266.50 रुपये में घाटे में बेंच पाना संभव नहीं है। ऐसे में शासन स्तर से निजी खाद विक्रेताओं के लिए बिक्री मूल्य निर्धारित होना चाहिए।

व्यापारियों ने फुटकर में खाद बिक्री का मूल्य निर्धारित करने मांग को लेकर शनिवार को कस्बे में पैदल मार्च निकालकर नाराजगी जताई और तहसीलदार मितौली ज्योति वर्मा को ज्ञापन देकर समस्त प्रकार की खाद बिक्री का मूल्य निर्धारित न होने पर अनिश्चितकाल तक दुकानें बंद रखने की चेतावनी दी है। संगठन महासचिव शाकिब, कोषाध्यक्ष हरदयाल गुप्ता, उपाध्यक्ष उमेश शर्मा, सुनील यादव, दुर्गेश गुप्ता, अन्नू अवस्थी सहित कई खाद व्यापारी मौजूद रहे।

- **व्यापारी बोले 350 में पड़ने वाली बोरी 266.50 रुपये में बेचना अंसभव**
- **व्यापारियों ने रेट निर्धारण न होने तक दुकानें बंद रखने का किया ऐलान**

### सावन माह को लेकर डीएम की बैठक आज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** सावन माह 11 जुलाई से शुरू हो रहा है। इसको लेकर छोटी काशी गोला में तैयारियां शुरू हो गई हैं। सावन माह भर गोला में कांवड़ियों का आना जाना होता है। सावन माह को लेकर होने वाली तैयारियों को लेकर सोमवार को नगर पालिका सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की मौजूदगी में बैठक होगी। ईओ सुरेंद्र कुमार ने बताया बैठक शाम चार बजे से होगी, जिसमें सभी विभागों के अधिकारी रहेंगे।

### सर्पदंश से पांच वर्षीय बच्ची समेत दो की मौत

**बेहजम, अमृत विचार :** थाना नीमगांव क्षेत्र में गांव बेला बोझी निवासी सुभाष की पांच वर्षीय बेटी प्रियंका शनिवार दोपहर घर में जमीन पर पंखा लगाकर आराम कर रही थी। बताते हैं अचानक सांप आ गया और प्रियंका को डस लिया। घटना की जानकारी होने पर परिजन प्रियंका को बेहजम सीएचसी लेकर पहुंचते इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना इसी थाना क्षेत्र के गांव रामनगर टिकौला निवासी परमेश्वर दीन की पत्नी नीलम देवी शनिवार की रात कमरे में सो रही थी। बताते हैं प्यास लगने पर वह किचन में रखे बर्तनों में से लोटा उठाकर पानी पीने जा रही थीं। लोटे के नीचे सांप बैठा था। सांप ने नीलम देवी को डस लिया। नीलम सांप देखकर चिल्लाते हुए किचन से बाहर भागीं। शोर सुनकर परिवार के अन्य लोग भी जाग गए और नीलम को इलाज के लिए बेहजम सीएचसी लेकर पहुंचे। यहां पर हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने नीलम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



# खंभों पर करोड़ों खर्च, बांस-बल्लियों पर तार

## गोपाल नगर में उलझे व लटकते तारों से मोहल्लेवासी परेशान, राहगीर व वाहन चालकों के साथ हादसे का खतरा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** नगर के कई मोहल्लों में बिजली के उलझे हुए तार और बांस-बलियों के सहारे घरों तक पहुंचाई गई लंबी केबिल लोगों के लिए समस्या हैं। उलझे तार सुरक्षा के लिए भी खतरा बने हैं। बिजली विभाग ने करोड़ों खर्च कर जर्जर तार, खंबे बदलने के प्रयास किए हैं पर कई मोहल्लों में अब भी लाइन बल्लियों के सहारे घरों तक पहुंच रही हैं। बरसात में कई बल्लियां, बांस टूट गए हैं, जिससे लाइन नीचे लटक रही है, कभी भी राहगीर व वाहन चालक के साथ हादसा हो सकता है।

नगर के मुन्नूगंज मोहल्ला, कांशीराम आवास कॉलोनी के सामने, लक्ष्मी मैरिज हॉल के निकट और चर्च के सामने बांस-बलियों के सहारे उलझे बिजली के तार आपस में रगड़कर चिंगारी पैदा कर सकते हैं, जिससे आग लगने, करंट लगने का खतरा बना है।

उलझे तार बाइक से निकलने पर लोगों के हेलमेट और सिर में टच करते हैं, जिससे कभी भी कोई चोटिल हो सकता है। बिजली के खंबे से खींचे गए कनेक्शन का मकड़जाल बांस, बलियों के सहारे बिजली के तारों को बमुश्किल घरों तक पहुंचाया गया है।

शॉर्ट सर्किट होने का खतरा रहता है। इसके बावजूद भी विभाग यहां पोल लगवाने, नई लाइन डलवाने की ओर लापरवाह बना हुआ है। भुसौरिया रोड पर चर्च के निकट रहने वाली पिंकी देवी, अनुज वर्मा, पूनम आदि ने बताया कि न तो इस मोहल्ले में सड़क बनी है, न ही बिजली के खंभे लगे हैं। बरसात होने पर बल्लियों के सहारे बिछाई गई लाइन गिर जाती है, जिससे करंट फैलने का भी खतरा बना रहता है।

कई बार एप्लीकेशन दी गई है पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।


बिजली के खंभे पर केबिलों का मकड़जाल। ● अमृत विचार


मोहल्ले में फैला केबिलों का जाल। ● अमृत विचार


गोपालनगर में लकड़ी के बांस बल्ली के सहारे टिके केबिल। ● अमृत विचार


घरों में छत के नीचे बंधे केबिल और झूलते तार। ● अमृत विचार


वार्ड नंबर 23 के रहने वाले रामअवतार ने बताया कि बिजली के लटकते तारों से काफी परेशानी हो रही है, विभाग को समाधान शीघ्र करना चाहिए। लटकते तार केवल मोहल्ले वालों के लिए नहीं बल्कि राहगीरों के लिए भी खतरनाक साबित हो सकते हैं।


मुन्नूगंज निवासी शैलेंद्र कुमार ने बताया कि घरों के छज्जों से रस्सी बांधकर दर्जनों तार मकड़जाल जैसे लटके हैं। घर का दरवाजा खोलते समय खतरा रहता है। बच्चे स्कूल जाते हैं, उनके रिक्शे भी निकलते हैं, जिससे हर समय खतरे की संभावना बनी रहती है।


वार्ड नंबर 21 के विनीत गुप्ता ने बताया कि गलियों में लटकते तारों को हटवाने के लिए कई बार मोहल्ले वासियों ने प्रार्थना पत्र दिया है, पर कई वर्ष हो गए किसी ने ध्यान नहीं दिया है। लटकते तार वास्तव में मोहल्ले वासियों के लिए परेशानी का सबब बने हैं।


मुन्नूगंज मोहल्ला निवासी विद्या देवी ने बताया कि गली में तार इतने नीचे लटक रहे हैं कि कभी भी वाहन चालकों, राहगीरों को अपनी चपेट में ले सकते हैं। इसके लिए कई बार सभासद को भी बताया गया पर इस और किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया है।

बिजली के जर्जर तारों को बदलने का कार्य चलता रहता है। सर्वे टीम के साथ स्वयं जाकर निरीक्षण किया है। शीघ्र ही नए पोल लगवाकर लाइन डलवाई जाएगी। सावन माह के मेले को लेकर बिजली विभाग संजीदा है। जर्जर पोल हटवाकर नए लगवाए जाएंगे। **–नीलाक्ष मनोस**, एसडीओ विद्युत गोला


मुन्नूगंज मोहल्ला निवासी शिवसागर ने बताया कि गलियों में तार इतने नीचे आ चुके हैं कि खराबी होने पर अब सीढ़ियों की भी जरूरत नहीं पड़ती। साइकिल, बाइक से निकलने में डर लगता है। कहीं कोई खुला तार हुआ तो कभी भी दुर्घटना हो सकती है।

## एक नजर

### 22 महीने बाद दर्ज हुई चोरी की रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने 22 माह बाद चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें मानपुर मरौरी निवासी हेतराम ने बताया कि 16 अगस्त 2023 को ग्रामीणों के साथ वह कावड़ यात्रा में जल लेने गए थे। 17 अगस्त 2023 की रात जब उसके बच्चे और पत्नी उर्मिला छत पर सो रही थी। इस बीच गांव का शिवदयाल पुत्र प्यारेलाल अपने साथियों संग घर में घुस गया। कमरे में रखे संदूक से जेवर और ढाई लाख रुपये चोरी कर लिए। पत्नी आहट पर जागी तो उसने आरोपी को देख पहचान लिया। उसे रोका तो उसने तमंचा तानकर धमकाया और भाग गया। उस वक्त तहरीर दी गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अब कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### रिकॉर्ड निकलवाने के नाम पर मांगी रकम, धमकाया

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कस्बा अमरिया के रहने वाले शिराज मलिक पुत्र इरफन अहमद ने डीएम से की गई शिकायत में बताया कि 28 जून को वह अपनी पैतृक संपत्ति ग्राम निसावा निसैइया का रिकॉर्ड निकलवाने के लिए आरआरके कार्यालय गए थे। वहां पर एक व्यक्ति मिला, जिसने रिकॉर्ड निकलवाने के एवज में एक हजार रुपये सुविधा शुल्क मांगा। इसके बारे में जानकारी की गई तो पता चला कि वह वहां का कर्मचारी नहीं है, बल्कि अधिकारियों के नाम पर वसूली करता है। जब उसकी मोबाइल से वीडियो बनाना चाही तो उसने अभद्रता कर मोबाइल भी फेंक दिया। मारने की धमकी दी गई। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

### किशोरी को अगवा करने पर रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना जहानाबाद क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 27 जून की शाम साढ़े चार बजे उसकी पुत्री घर पर अकेली थी। इस दौरान बरेली के नबावगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर निवासी राहुल उसकी पुत्री को बहलाफुसलाकर ले गया। उसकी पुत्री घर से 60 हजार रुपये नकद और जेवरात साथ ले गई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### अज्ञात वाहन के टक्कर से पत्रकार घायल

**औरंगाबाद .अमृत विचार :** थाना उचौलिया क्षेत्र में सुनौवा हाल्ट व हिमालय ढाबा के बीच अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे पुलिस चौकी जेबीगंज के गांव मस्तीपुर निवासी पत्रकार बृज किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर सेवा का जुनून की टीम मौके पर पहुंची और घायल को प्राथमिक उपचार देकर अस्पताल भेजा।

### दरोगा से अभद्रता का वीडियो वायरल

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर दरोगा से अभद्रता से जुड़ा एक वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें एक संगठन के जिलाध्यक्ष द्वारा दरोगा से अभद्रता करने की बात कही जा रही है। घटनास्थल सुनगढ़ी क्षेत्र में बरेली हाईवे पर देवहा पुल का शनिवार का बताया जा रहा है। बताते हैं कि एक संगठन के जिलाध्यक्ष की कार का शीशा दरोगा की गाड़ी से टकरा गया था। इसके बाद कहासुनी हुई थी। तभी मारपीट हो गई। जिसका किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। पुलिस मामला संज्ञान में आने पर जांच की बात कह रही है।

### रंजिशन युवक को पीटा

**पीलीभीत,अमृत विचार :** थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम भानपुर निवासी रामूर्ति पुत्र हरप्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 27 जून को शाम साढ़े सात बजे वह किसी काम से गांव में जा रहा था। रास्ते में गांव के ज्ञान प्रकाश ने रंजिश के चलते उसके साथ गाली गलौज करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट की। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बरखेड़ा में धूमधाम से निकाली गई झंडी पदयात्रा


झंडी पदयात्रा में शामिल चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** कस्बे में रविवार को आठवीं विशाल झंडी पदयात्रा धूमधाम से निकाली गई। यात्रा इलाहाबास देवल के लिए प्रस्थान हुई। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

कस्बे के वार्ड नंबर चार स्थित ब्रह्मदेव स्थान पर रविवार को काफी संख्या में भक्त एकत्र हुए। झंडी पूजन विधि विधान से किया गया। इसके बाद नगर में झंडी शोभायात्रा शुरू हुई। वार्ड नंबर चार से शुरू होकर स्टेशन रोड, गांधी आश्रम, पीलीभीत बीसलपुर मुख्य मार्ग पर पहुंची। यहां से बीसलपुर की तरफ मुख्य मार्ग से गुजरती हुई गोपी कॉलोनी के समीप पहुंचकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौराहे आई। यहां से थाना गेट होती हुई ब्लॉक चौराहे पर पहुंची। इसके बाद दौलतपुर रोड से होते हुए इलाहाबास देबल को प्रस्थान कर गई। कई जगह स्वागत किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल, राजेश गंगवार, अमित गंगवार, शिवम गंगवार, लक्ष्मीकांत भोजवाल, प्रदीप, मानू पांडेय, अजय ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# सांख्यिकी दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**पीलीभीत, अमृत विचार:** समाधान आईएपीटी अन्वेषिका के तत्वावधान में रविवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान हुई प्रश्नोत्तरी में डॉ. राहुल, डॉ. वर्षा और डॉ. श्रुति ने श्रेष्ठता दिखाई। समन्वयक लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि सांख्यिकी आंकड़ों का विज्ञान है। सांख्यिकी के प्रचार प्रसार, सांख्यिकी के क्षेत्र में भारत की विदेश में महत्वपूर्ण पहचान दिलाने में डॉ. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की महती भूमिका रही। सांख्यिकी का उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है। इसमें डेटा विश्लेषण, भविष्यवाणी करना और निर्णय लेने में मदद करना शामिल है। यह हमारे जीवन के कई पहलुओं को प्रभावित करता है। सांख्यिकी जागरूकता के लिए अन्वेषिका द्वारा किए गए किया जा रहे हैं प्रयासों से जागरूकता को गति मिली।

# चिलचिलाती धूप से लोगों को बारिश ने दी राहत

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** रविवार को दोपहर बाद हुई झमाझम बारिश से भीषण गर्मी और उमस से कुछ राहत मिली है। बारिश होने से तापमान में कुछ गिरावट आई है, जिससे लोगों ने चैन की सांस ली। किसानों के चेहरे भी बारिश होने से खिल उठे हैं।

कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से जूझ रहे लोगों को रविवार दोपहर बाद हुई बारिश ने कुछ राहत दी है। जून की भीषण गर्मी और उमस में सुबह से ही लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया था। बारिश होने से तापमान में कुछ गिरावट आने से लोगों ने राहत महसूस की है। बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार बारिश होने से बिजली की मांग में गिरावट आती है। इससे न केवल ट्रांसफार्मर सुरक्षित रहते हैं बल्कि लगातार फॉल्ट और ओवरलोडिंग की समस्याओं में भी कमी आ जाती है। बारिश होने से बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने राहत महसूस की है। कई खुले स्थान, छत और गलियों में बच्चे बारिश में भीगते नजर आए। हालांकि वर्शा के कारण भद्रकुंड के निकट हो रहे नाला निर्माण के कार्य को रोक दिया गया है।

नगर में बारिश ने भीषण गर्मी से राहत तो दी है पर कई गलियों, सड़कों में जल जमाव होने से लोगों को कीचड़ में निकलना पड़ा। गोकर्ण तीर्थ परिक्षेत्र और मेला मैदान में कीचड़ हो जाने से दुकानदारों, ग्राहकों, वहां के लोगों को मुश्किलें हुई। मूनलाइट स्टूडियो के सामने नाला निर्माण को लेकर खोदे गए गड्ढे के चलते सुलभ शौचालय के पास से मेला मैदान को जाने वाला मार्ग बंद हो जाने से भी लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है।


गोला में वर्षा के कारण बंद हुआ भद्रकुंड के निकट नाला निर्माण। ● अमृत विचार

- गन्ना और धान की फसल को वरदान साबित होगी बारिश रोपाई भी ठीक से होगी

### बारिश से किसान हुए खुश

रविवार दोपहर बाद हुई बारिश से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। कपरहा के प्रगतिशील किसान अवधेश अवस्थी, नीरज शुक्ला, मुनेश, सुरेंद्र अवस्थी, दीपेंद्र आदि ने बताया कि यह बरसात धान की नर्सरी, गन्ना और अन्य फसलों के लिए बहुत लाभदायक है। उन्हें सिंचाई की चिंता से राहत मिली है और अब वह धान की रोपाई में जुट गए हैं।

**रोशननगर।** कस्बे में शुरू हुई तेज बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया है। बारिश के चलते किसानों के चेहरे खिल उठे। लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। हालांकि बारिस से ग्रामीण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हुई, जो देर शाम तक सुचारू नहीं हो पाई।

# पुरानी रंजिश में हमला कर पीटा

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव डडिया भगत निवासी असपाक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 जून की शाम 6 बजे उसका बड़ा भाई इशाक अहमद अपनी पत्नी मंतशा की विदा कराकर घर ला रहे थे। इस बीच घर के पास पहुंचते ही गांव के इलियास, आमिर, शाहिद, जुल्फिकार, तालिब, अशरफ, सोहिल, नसरुद्दीन, इस्लाम, असलम, मोहम्मद नबी व कमरुद्दीन ने हमला कर दिया। झगड़ा होते देख तस्लीम, इशाक, बहनोई सलीम, भाभी हुसनवानो बचाने पहुंचे तो उनको भी पीटा। निजी वाहन से में सीएचसी ले जाया गया। उपचार के बाद देर रात घर भेज दिया। 25 जून को जब हम लोग थाने शिकायत करने जा रहे थे तभी उपरोक्त हमलावरों ने रास्ते में दरवाजे पर दोबारा मारपीट के इरादे से घेर लिया। गांव के लोगों को देख जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

# शारदा का जल स्तर बढ़ा, नदी ने दिखाना शुरू किया रौद्र रूप

संवाददाता पलिया कलां/मैलानी (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार:** शारदा नदी का पानी शनिवार की रात से भीरा-पलिया के बीच रेलवे ट्रैक के नीचे से रिसाव कर तेजी से बहने लगा है। इससे मैलानी-नानपारा रेल प्रखंड के धंसने की आशंका बढ़ गई है। वहीं आसपास के गांवों में भी बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। भाजपा विधायक रोमी साहनी ने डीएम को चिट्ठी लिखकर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। साथ ही रेल अधिकारियों से रिसाव रोक कर रेलवे ट्रैक को ठीक कराने जाने की बात कही है। मौके पर पहुंचे रेलवे के अधिकारियों ने बचाव एवं राहत कार्य तेज कर दिया है। पत्थर आदि डालकर रिसाव को रोकने की कोशिश शुरू कर दी है।

शारदा नदी से आने वाली बाढ़ और कटान को रोकने के लिए हाल में ही मुख्यमंत्री की 23 करोड़ 22 लाख रुपये की अति महत्वाकांक्षी योजना से बाढ़ खंड सिंचाई विभाग ने ड्रैजिंग का कार्य पूरा कराया था। अभी तराई इलाके में मानसूनी बारिश भी शुरू नहीं हुई है। इससे पहले ही यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। पहाड़ों पर हुई भारी बरसात से शारदा के जलस्तर बढ़ने के बाद नदी ने रौंद रूप दिखाना शुरू कर दिया है।

शारदा नदी का पानी पलिया शहर के किनारे अतरिया रेलवे पुल के पास पहुंच गया है। शनिवार की रात पलिया की अतरिया रेलवे क्रासिंग के निकट शारदा के पानी का रिसाव रेलवे ट्रेक के नीचे से शुरू हो गया है। इससे भीरा-पलिया के बीच रेल ट्रैक को खतरा उत्पन्न हो गया।

उधर पानी के रिसाव को रोकने के लिए मैलानी जंक्शन के पीडब्ल्यूआई आरडी यादव व एईएन मजदूरों को लेकर मौके पर पहुंचे हैं और बचाव एवं राहत का कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया है। रेलवे ट्रैक को बचाने व रिसाव रोकने के लिए पत्थर डाले जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर रेलवे लाइन टूटी तो 100 से अधिक गांव तबाह हो जाएंगे। बाढ़ की विभीषिका पलिया नगर को भी झेलनी पड़ेगी।

**ट्रैक की निगरानी को वॉचमैन तैनात:** भीरा पलिया के मध्य अतरिया क्रासिंग से पहले रेलवे ट्रैक के नीचे से पानी का बहाव तेज हो गया है। संभावित खतरे को भांपते हुए रेलवे ने ट्रैक की निगरानी करने के लिए वॉचमैन तैनात किए हैं, जो ट्रैक पर हर पल नजर रखे हुए हैं।

# हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत



**बरखेड़ा, अमृत विचार:** कोतवाली दियोरियाकलां क्षेत्र के गांव पैनिया हिम्मत के निवासी प्रदीप कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके चाचा अशोक कुमार 20 जून की शाम 6 बजे क्षेत्र के गांव बर्रामऊ अपनी ससुराल से बाइक पर सवार होकर लौट रहे थे। रास्ते में गांव पिपरिया मंडन चौराहे पर अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान शुक्रवार शाम करीब 5 बजे अशोक कुमार की मौत हो गई। परिजन शव को गांव ले आए। सूचना पुलिस को दी गई। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार बिशनोई ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

## सार-संक्षेप

### बालपुर बाईपास पर पलटा गेहूं लदा ट्रक



**ललौरीखेड़ा, अमृत विचार :** जहानाबाद क्षेत्र में बालपुर बाईपास पर शनिवार रात गेहूं लदा ट्रक पलट गया। ट्रक बहराइच से किच्छा की तरफ जा रहा था। इसमें सवार दो लोगों को चोट आई, जिन्हें अपताल भर्ती कराया गया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और जानकारी की। मार्ग पर ट्रक पलटा होने से कुछ देर आवागमन बाधित रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि ढाल होने की वजह से बाईपास पर आए दिन वाहन पलटते रहते हैं।

### पत्नी को पीटा, पिता ने लिखाई रिपोर्ट

**पीलीभीत,अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम गौहनिया निवासी जयदेव ने सुनगढ़ी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री का विवाह चार मई 2017 को गोपाल पुत्र लाल बहादुर निवासी ग्राम चकरुआ थाना बिलसंडा के साथ किया था। शादी के बाद से उसका पति उसके साथ मारपीट करता था। पांच माह पूर्व आरोपी उसकी पुत्री कामिनी को मारपीट कर गौहनिया चौराहा पर छोड़ गया। इसके बाद परिवार परामर्श केंद्र में मामला चला, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। उसकी गला दबाकर हत्या का प्रयास किया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### युवती से की छेड़छाड़, विरोध करने पर पीटा

**पीलीभीत,अमृत विचार :** थाना अमरिया क्षेत्र की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 25 जून को वह अपनी 19 वर्षीय पुत्री के साथ घर के निकट गन्ने के खेत में घास काट रही थी। शाम चार बजे गांव का आरिश वहां आ गया और उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने लगा। जब उसकी पुत्री ने शोर मचाया तो वह वहां पहुंची। जिसपर आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। इसके बाद वह अपनी पुत्री के साथ आरोपी के घर शिकायत करने गई तो वहां आरिफ, राजिक, अकील, साहिद और रेशमा ने उसे और उसकी पुत्री के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### अपहरण का प्रयास, एसपी से शिकायत

**पीलीभीत,अमृत विचार :** थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम तकिया निवासी अजयप्रकाश ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि 27 जून की सुबह सात बजे उसकी 10 वर्षीय पुत्री गांव की अन्य बच्चों के साथ कोचिंग पढ़कर घर लौट रही थी। इस दौरान कोचिंग सेंटर से 100 कदम की दूरी पर सड़क किनारे खड़ी कार में सवार युवक ने उसकी बच्ची को टॉफी और रुपये देने के बहाने अपहरण का प्रयास किया। किसी तरह उसकी पुत्री ने वहां से भागकर घर आकर परिजनों को जानकारी दी। एसपी ने गजरौला पुलिस को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### कोर्ट के आदेश पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने क्षेत्र के मोहल्ला ग्यारसपुर निवासी ललिता देवी की ओर से दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें बताया कि उसकी शादी 2018 में शाहजहांपुर जनपद के थाना खुदागंज क्षेत्र के ग्राम नवदिया तालुके गाज़ीपुर निवासी बृजलाल के पुत्र सर्वेश कुमार से हुई थी। पति सर्वेश कुमार, ससुर बृजपाल, सास कमला देवी, देवर राजेश कुमार, दिनेश कुमार, ननद पल्लवी अतिरिक्त दहेज में बड़ी रकम लाने को दबाव बनाते थे। मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया।

# सड़क की जांच को पहुंचे एक्सईएन, संतोषजनक मिला कार्य

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** वायरल वीडियो के बाद निर्माणाधीन सड़क को लेकर लगाए जा रहे आरोप पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की ओर से की गई जांच के बाद गलत निकले है। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर की गई जांच के बाद काम संतोषजनक मिलने की बात कही है।

बता दें कि मरौरी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सिरसा सरदाह में पीडब्ल्यूडी की ओर से सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। ये काम जीबी कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर्स द्वारा कराया जा रहा है। सड़क की लागत 28.90 लाख रुपये है। जिसमें सीसी सड़क और पुलिया निर्माण शामिल है। बीते दिनों एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और ये आरोप लगाए गए कि सड़क की निर्धारित मोटाई छह इंज के बजाय चार इंज की जा रही है। सड़क पूरी बनने से पहले ही इसमें दरारें आ गई है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद खलबली मच गई थी। जबकि ठेकेदार की ओर से लगाए गए आरोपों को गलत बताया जा रहा था। रविवार को एक्सईएन पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड राजेश चौधरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। निर्माणाधीन सड़क की जांच कराई गई। अफसरों ने काफी देर चली जांच के बाद लगाए गए आरोपों को निराधार बताया है। साथ ही कराए गए काम के संतोषजनक होने की बात कही है। कुछ जगह पाइप डलवाने के भी निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल एक्सईएन की जांच के बाद संबंधित फर्म को क्लीन चिट दे दी गई है।


सिरसा सरदाह गांव में सड़क की जांच करने पहुंची टीम। ● अमृत विचार

- एक दिन पूर्व वीडियो वायरल कर लगाए गए थे तमाम आरोप
- जीबी कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर्स करा रही काम, 28.90 लाख है लागत

ग्राम सिरसा सरदाह की एक सड़क को लेकर बीते दिनों आरोप लगाए गए थे। इसकी टीम के साथ पहुंचकर जांच की गई है। मौके पर काम संतोषजनक मिला है। बकाया कार्य को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। – **राजेश चौधरी**, एक्सईएन, पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड

# महिला पर फावड़ा से किया प्रहार, दी तहरीर

संवाददाता, बिलसंडा

- पुलिस ने न तो दर्ज की रिपोर्ट, न ही कराया मेडिकल

**अमृत विचार:** पसगवां में मामूली विवाद के बाद घर में घुसकर महिला से मारपीट की गई। फावड़ा से सिर में प्रहार से घायल कर दिया। आरोप है कि पुलिस ने न तो रिपोर्ट दर्ज की न ही मेडिकल परीक्षण कराया।

थाना क्षेत्र के गांव पसगवां निवासी सुदीप कुमार की पत्नी कुसुमा देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि गांव में उसकी झोपड़ी से सटा हुआ आरोपियों का खेत है। रविवार दोपहर करीब एक बजे जब वह अपनी झोपड़ी के किनारे सफाई कर रही थी। तभी आरोपियों ने खेत की मेड़ काटने का आरोप लगाते हुए गाली गलौज की। विरोध करने पर झोपड़ी में घुसकर पिटाई की। फावड़ा से सिर पर वार करके घायल कर दिया। बचाने आई उसकी जेठानी और भतीजी को भी पीटा। लहूलुहान महिला थाने पहुंची और घटना की तहरीर दी। आरोप है कि शाम छह बजे तक थाने पर बैठाए रखने के बावजूद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की और न ही उसका मेडिकल परीक्षण कराया। उधर थानाध्यक्ष सिद्धांत शर्मा ने बताया कि गांव में विवाद हुआ था। महिला थाने पर आई थी, उसे मेडिकल के लिए भेजा गया, लेकिन वह रास्ते से चली गई।

